परेशानी | जाम नालियों से रुका पानी , मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से स्थानीय लोग परेशान

नालियों की सफाई नहीं, संक्रमण का खतरा

नवभारत , जबलपुर । बारिश के मौसम में शहर के क्षेत्रों की कई नालियां कचरे से अटी पड़ी हैं उनमें से है अधारताल क्षेत्र की अधिकतर नालियां जिसमें जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। नालियों में प्लास्टिक, पॉलीथिन और अन्य ठोस कचरा जमा होने के कारण गंदा पानी बहने के बजाय रुक रहा है। इससे आसपास के क्षेत्रों में दुर्गंध फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है।

बारिश से पहले सफाई का दावा सफाई कर्मचारी ने किया था

स्थानीय निवासियों के अनुसार बारिश से पहले नालियों की सफाई कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अधिकांश स्थानों पर सफाई कार्य समय पर नहीं हुआ। इसके चलते पहली ही बारिश में नालियां जाम हो गईं, गंदा पानी जमा होने लगा और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया। लोगों का कहना है कि यदि प्री-मानसून सफाई प्रभावी ढंग से चलाया जाता, तो आज यह स्थिति पैदा नहीं होती।

इनका कहना है

कई दिनों से नालियों में कचरा भरा हुआ है और बारिश के बाद बदबू के साथ मच्छरों की समस्या भी बढ़ गई है। शाम के समय घर के बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।

विमला ललरिया

बारिश शुरू होते ही नालियों का गंदा पानी जमा होने लगता है, क्योंकि समय पर सफाई नहीं होती। इससे मच्छर बहुत बढ़ गए हैं और बच्चों व बुजुर्गों की सेहत को लेकर चिंता बनी रहती है।

अंजली पटेल

हमारे द्वारा नालियों की सफाई कराई जा रही है एवं साफई के बाद उसे स्लैब से कवर किया जा रहा है। वार्ड की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

विमल राय, पार्षद
शाहिदअब्दुल हमीद वार्ड

सीता जी पर कथित टिप्पणी : भजन संध्या संचालक को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत

जबलपुर। सिवनी जिले में आयोजित एक भजन संध्या के संचालक को सीता पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपी संदीप तिवारी को हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत प्रदान की है। कोर्ट ने कहा कि रामचरित मानस की चौपाई की व्याख्या करते समय आवेदक द्वारा शब्दों का चयन उचित नहीं रहा हो सकता है, लेकिन प्रथम दृष्टया उसकी मंशा वैसी नहीं दिखती, जैसा अभियोजन पक्ष आरोपित कर रहा है। न्यायालय ने यह भी दोहराया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संविधान का मौलिक अधिकार है और उसकी रक्षा करना अदालतों का दायित्व है। दरअसल सिवनी जिले में आयोजित एक भजन संध्या के दौरान रामचरित मानस की चौपाई की व्याख्या करते समय सीता के संबंध में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने पर संचालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया था। आरोप था कि धार्मिक समारोह में दिए गए कथन से समुदायों के बीच वैमनस्य फैल सकता है ।

85 चेक बाउंस मामलों का हुआ समझौता

▸ 1.47 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पर निपटारा

जबलपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा-138 के तहत लंबित चेक बाउंस प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में आयोजित इस लोक अदालत में 1340 प्रीलिटिगेशन तथा न्यायालय में लंबित 189 मामलों को रखा गया। न्यायिक अधिकारियों की समझाइश से 85 मामलों का आपसी सहमति से समाधान हुआ।

समझौते के माध्यम से कुल 1 करोड़ 47 लाख 48 हजार 642 रुपये की राशि पर विवादों का

निपटारा कराया गया। इससे पक्षकारों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया, समय और आर्थिक व्यय से राहत मिली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य आपसी सहमति से विवादों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान कर न्यायालयों पर लंबित मामलों का बोझ कम करना है।

वर्षों पुराना विवाद निपटा

विशेष लोक अदालत की सफलता का प्रमुख उदाहरण विशेष न्यायालय (एन.आई. एक्ट) के एक लंबे समय से लंबित मामले में देखने को मिला। हनुमान ट्रेडिंग कंपनी से जुड़े दो व्यापारिक साझेदारों के बीच 25 लाख और 32 लाख रुपये के चेक बाउंस को लेकर विवाद न्यायालय तक पहुंच गया था। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी डॉ. गौरव गर्ग की समझाइश पर दोनों पक्ष इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि विवाद जारी रखने से किसी का लाभ नहीं होगा। इसके बाद दोनों ने आपसी मतभेद समाप्त कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपने-अपने प्रकरण समझौते के आधार पर वापस ले लिए, जिससे वर्षों पुराना विवाद विशेष लोक अदालत के माध्यम से समाप्त हो गया।

एक नजर में

मुआवजे की रकम देखने बैंक पहुंचे युवक के उड़े 30 हजार

नवभारत,जबलपुर। माढ़ोताल थाना अंतर्गत औरिया निवासी युवक के खाते से अज्ञात जालसाज ने 29,999 पार कर दिए। पीड़ित अपने मृतक भाई के एक्सीडेंट क्लेम की राशि चेक करने बैंक पहुंचा था, जहां उसे इस ठगी का पता चला। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की तकनीकी जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम औरिया केवट मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय अजीत केवट के भाई आशीष केवट की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। भाई की मौत के मुआवजे के 4 लाख रुपये खाते में आने थे। इसी रकम की जानकारी लेने के लिए वह विजयनगर स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा पहुंचा था। पीड़ित जब बैंक की खिड़की पर पहुंचा और खाता चेक कराया, तो बैंक कर्मचारियों के जवाब ने उसके होश उड़ा दिए। प्रबंधन ने बताया कि ठीक उसी वक्त उसके खाते से यूपीआई के माध्यम से 29,999 ट्रांसफर हो चुके हैं। पीड़ित ने किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना ओटीपी या बैंक संबंधी कोई गोपनीय जानकारी साझा नहीं की थी।

ठेकेदार का मोबाइल छीनकर भागे बाइक सवार

जबलपुर। घमापुर थाना अंतर्गत मुलिया बाई धर्मशाला के पास मोटरसाइकिल सवार दो शातिर बदमाशों ने पैदल घर लौट रहे एक प्राइवेट ठेकेदार पर झपट्टा मारकर उनका मोबाइल लूट लिया और पलक झपकते ही रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, कांचघर निवासी 36 वर्षीय पवन कुमार मोगरे प्राइवेट ठेकेदारी का काम करते हैं। वे बीती रात लगभग 11:10 बजे कृष्णा कॉलोनी से अपना काम खत्म कर पैदल मोबाइल पर बात करते हुए अपने घर लौट रहे थे। तभी मुलिया बाई धर्मशाला के पास पीछे से आए काले रंग की मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात लड़कों ने पवन को निशाना बनाया। बाइक सवार लुटेरों ने चलती गाड़ी से पवन के हाथ पर झपट्टा मारा और मोबाइल छीनकर शीतलामाई मंदिर की तरफ बेहद तेज रफ्तार में भाग निकले। अचानक हुई इस वारदात से पीड़ित संभल पाता, तब तक आरोपी आंखों से ओझल हो चुके थे।

अधेड़ पर कट्टा अड़ाकर स्कूटी लूटी

नवभारत, जबलपुर। घमापुर थाना अंतर्गत करिया पाथर मरघटाई के पास शनिवार सुबह तीन अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने एक अधेड़ को घेरकर उन पर देशी कट्टा तान दिया। बदमाश पीड़ित से छीनाझपटी करते हुए उनकी स्कूटी लूटकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, समदड़िया ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी धर्मपाल सिंह राजपूत (56), ऑटो चालक हैं, शनिवार सुबह करीब 9:30 से 9:45 बजे के बीच करिया पाथर मरघटाई खारी विसर्जन कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। जैसे ही वह मरघटाई के पास स्थित काली मंदिर के समीप पहुंचे, तभी सामने से एक काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए तीन लड़कों ने उनका रास्ता रोककर उन्हें चारों तरफ से घेर लिया।

करंट वाले तार की चपेट में आने से युवक की मौत

नवभारत,जबलपुर। बेलखेड़ा थाना अंतर्गत पावला में एक खेत में जंगली जानवरों का शिकार करने के इरादे से बिछाए गए बिजली के नंगे तारों की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मान सिंह लोधी 70 वर्ष निवासी ग्राम पावला खेती किसानी करता है उसका घर गांव व खेत में भी है वह खेत में बने मकान में रहता है शुक्रवार सुबह लगभग 8 बजे उसका बेटा पोहप सिंह 40 वर्ष खेत के मकान में आया वहां पर लाईट नहीं थी जो लाईट की सप्लाई देखने के लिये उसके खेत के बाजू में चरन सिंह लोधी के खेत

में लगे बिजली के खम्बे के तरफ गया। काफी देर तक वापस नहीं आया तो मान अपने खेत की मेड़ पर जाकर चरन सिंह के खेत में देखा मेड़ के पास उसका पोहप सिंह पड़ा था जिसके दोनों पैर में तार टच था और तार लकड़ी की छोटी छोटी खुटियों में बंधा था उसने लकड़ी का तार से अलग किया देखा पोहप सिंह के दोनों पैर में पंजे के पास करंट लगने के घाव थे और पोहप सिंह की मौत हो चुकी थी। सूत्रों के मुताबिक खेत में जंगली सूअरों और अन्य जंगली जानवरों का अवैध शिकार करने के लिए खेत के चारों ओर बिजली के नंगे तार फैलाकर उसमें हाई वोल्टेज करंट प्रवाहित किया गया था। जब पोहप खेत के पास से गुजर रहा था तभी झाड़ियों के कारण वे इन तारों को देख नहीं पाया और अचानक उनका पैर करंट प्रवाहित हो रहे नंगे तार पर पड़ गया था। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

भंवरताल गार्डन-सेंट नॉर्बट स्कूल के पास से हटाए कब्जे

▸ गंदगी फैलाने वालों पर की गई चालानी कार्रवाई

नवभारत,जबलपुर। नगर निगम और जिला प्रशासन द्वारा शहर के शैक्षणिक क्षेत्रों को सुरक्षित, स्वच्छ और नशामुक्त बनाने के लिए कारवाई की गई है। शनिवार को संभाग क्रमांक 13 के अंतर्गत आने वाले भंवरताल गार्डन और सेंट नॉर्बर्ट स्कूल के आस-पास के क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान चलाया गया। जिसमें अमले ने अवैध अतिक्रमणों को हटाते हुए चालानी कार्रवाई भी की। जानकारी के अनुसार भंवरताल गार्डन और सेंट

नॉर्बर्ट स्कूल के आस-पास के क्षेत्र में नियमों का उल्लंघन करने वाले, गंदगी फैलाने वाले और संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त हाथ ठेले वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई नगर निगम की अतिक्रमण टीम और स्वास्थ्य टीम ने की है। विदित हो कि विद्यालय के ठीक बाहर और आस-पास हाथ ठेले वालों द्वारा किए गए अतिक्रमण, फैलाई जा रही गंदगी और नशीले पदार्थों के संदिग्ध विक्रय की शिकायतों को प्रशासन ने बेहद गंभीरता से लिया है। बच्चों के भविष्य और उनके स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन की टीम ने त्वरित एक्शन लिया।

अभिभावकों ने की सराहना

प्रशासन के इस कदम की स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन द्वारा जमकर सराहना की जा रही है। लोगों का कहना है कि स्कूलों के आसपास इस तरह की मुस्तैदी से न केवल बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि उन्हें एक स्वच्छ और सकारात्मक शैक्षणिक परिवेश भी मिलेगा।

बेलगाम ट्रक ने रौंदा, पत्नी की मौत, पति घायल

नवभारत,जबलपुर। पाटन थाना अंतर्गत शहपुरा पाटन मेन रोड में शनिवार को बेलगाम ट्रक ने मोटर सायकिल सवार दंपति को कुचल दिया। हादसे में पत्नी की मौत हो गई जबकि पति घायल हो गया। हादसे को अंजाम देने के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया । पुलिस के मुताबिक शनिवार शाम मुकेश नाथ 35 वर्ष निवासी ग्राम सागा थाना तेंदूखेड़ा जिला दमोह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घर में पत्नी अन्तो बाइ 30 वर्ष एवं तीन लडकियां एवं एक लडका है पत्नी अपने मायके आयी हुयी थीं जो शनिवार को शहपुरा बाजार करने गयी हुयी थी। जिसे लेने के लिये वह शहपुरा गया था। शहपुरा से पत्नी को अपनी मोटर सायकिल मे बैठाकर सहसन आ रहा था। जैसे ही ठाकुर होटल के आगे शहपुरा पाटन मेन रोड में पहुँचा पीछे से ट्रक का चालक ट्रक तेज रफ्तार एवं लापरवाही से चलाकर उसकी मोटर सायकल में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे वह और पत्नी अन्तो बाई गाडी सहित रोड पर गिर गए, गिरने से उसे हाथ पैर में चोटे आ गयी एवं पत्नी को सिर में चोट आई जो बेहोश हो गयी थी। 108 एम्बूलेंस से पत्नी को इलाज के लिये पाटन अस्पताल लेकर आया। डाक्टर ने पत्नी को चैक कर मृत घोषित कर दिया ।

फर्जी पेमेंट सक्सेस मैसेज दिखा ठगी की कोशिश

नवभारत,जबलपुर। डिजिटल युग में ऑनलाइन भुगतान के बढ़ते चलन के बीच शातिर ठग ने अब फर्जी स्क्रीनशॉट और नकली ऐप को अपना हथियार बना लिया है। पाटन में किराना व्यवसायी को फर्जी 'पेमेंट सक्सेस' मैसेज दिखाकर 14,140 रुपये का चूना लगाने का प्रयास किया गया। हालांकि, दुकानदार की सतर्कता के कारण आरोपी की साजिश नाकाम हो गई। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, शहपुरा रोड पाटन निवासी सिद्धांत नायक (27) की यूनियन बैंक के पास किराना दुकान है। दुकान पर घमापुर निवासी अंशुल कांगले आया। उसने घर में कार्यक्रम का झांसा देकर भारी मात्रा में तेल, शक्कर और चावल का ऑर्डर दिया। सामान पैक होने पर आरोपी ने फोन पे से भुगतान करने का दावा किया और अपने मोबाइल पर 'पेमेंट सक्सेसफुल' का फर्जी संदेश दिखाकर सामान ले जाने लगा।दुकानदार को संदेह होने पर उसने तुरंत अपना बैंक खाता चेक किया, जिसमें कोई राशि प्राप्त नहीं हुई थी। सख्ती से पूछने पर आरोपी कोई वैध ट्रांजैक्शन आईडी नहीं दिखा सका। जांच में पता चला कि आरोपी ने फर्जी मोबाइल ऐप से नकली रसीद तैयार की थी।

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव : प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

जबलपुर। जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के निर्वाचन सत्र 2026-28 के लिये कल सोमवार को मतदान होना है। जिसको लेकर प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। अध्यक्ष सहित अन्य पदों व कार्यकारिणी के लिये कुल 92 प्रत्याशी मैदान में है। जिनमें अध्यक्ष पद के लिये छह उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी की है। जिनमें अधिवक्ता नरेन्द्र जैन, मनीष मिश्रा और ज्योति राय के बीच कांटे का मुकाबला बताया जा रहा है। सोमवार को होने वाले मतदान को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। नई कार्यकारिणी के होने वाले उक्त चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए अभय शुक्ला, बाल्मीकि प्रसाद तिवारी, एचआर नायडू, ज्योति राय, मनीष कुमार मिश्रा एवं नरेंद्र जैन चुनाव मैदान में हैं। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए अजय कुमार शुक्ला, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, कमल सिंह बघेल, मनोज कुमार तिवारी, मनोज शिवहरे, प्रमोद त्रिपाठी, प्रशांत कोहाड़े, सचिन गुप्ता, शेख मंजूर व सुखवीर सिंह नादड़ा उम्मीदवार हैं।

महिला उपाध्यक्ष पद पर मधु राणा, सुनीता सूद गुप्ता व वर्षा तिवारी के बीच मुकाबला होगा। सचिव पद के लिए अमित कुमार साहू, दीपांशु साहू, गोपाल पटेल, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, महेंद्र अहिरवार, राहुल श्रीवास्तव, शैलेंद्र सिंह ठाकुर व यतेन्द्र अवस्थी मैदान में हैं।

सह सचिव पद पर आवेश पटेल, दामोदर पाटकर, सतीश कुमार शर्मा, शैलेंद्र यादव व विनोद विश्वकर्मा चुनाव लड़ेंगे। कोषाध्यक्ष पद के लिए नेहा मिश्रा, नीलम दत्त, रेनू बाला सिंह व रेणुका शुक्ला व पुस्तकालय सचिव पद के लिए मनीष दुबे, रविन्द्र कुमार दत्त, वीरेंद्र कुमार पटेल व विजय यादव उम्मीदवार हैं। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के लिये 51 उम्मीदवार मैदान में है।

सिटी मिशन मैनेजर ने किया 4 .32 लाख का गबन, डिजिटल सिग्नेचर का किया गलत इस्तेमाल

नवभारत, जबलपुर। नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों के डिजिटल सिग्नेचर का गलत इस्तेमाल कर सिटी मिशन मैनेजर चंदन प्रजापति ने 4,32,700 की सरकारी राशि अपने एक करीबी के खाते में ट्रांसफर कर दी। सरकारी फंड में हेराफेरी और पद के दुरुपयोग के मामले में जिला शहरी विकास अभिकरण के जिला प्रबंधक दीपक कुमार दीक्षित ने ओमती थाने में शिकायत की ।जिसके बाद अ ारोपित के खिलाफ धोखाधड़ी और शासकीय राशि के गबन का मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में संविदा पर कार्यरत चंदन प्रजापति ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान पनागर, बरेला, भेड़ाघाट, कटंगी और शाहपुरा नगरीय निकायों में सेंध लगाई। आरोपी ने इन निकायों के सीएमओ के डिजिटल हस्ताक्षरों का अनाधिकृत उपयोग किया और पी.एफ.एम.एस. पोर्टल के माध्यम से सक्षम अधिकारियों की मंजूरी के बिना ही सीधे 4.32 लाख से अधिक की राशि अपने परिचित नेत्रपाल प्रजापति के बैंक खाते में डाल दी।

ऐसे की हेराफेरी

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संयुक्त संचालक द्वारा की गई उच्च स्तरीय जांच में इस घोटाले की परतें खुली हैं। आरोपी चंदन प्रजापति ने निकायों में प्रचार-प्रसार कार्य के नाम पर अपने परिचित नेत्रपाल प्रजापति को फर्जी तरीके से कार्य आदेश जारी करवाया था। शातिर अधिकारी ने इस सच को छुपाया कि नेत्रपाल उसका करीबी है। इतना ही नहीं, नेत्रपाल के जिस बैंक खाते में सरकारी पैसा भेजा गया, उसमें चंदन प्रजापति का ही मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड था। खाते में राशि आते ही आरोपी चंदन प्रजापति ने यूपीआई के माध्यम से पूरी रकम खुद के इस्तेमाल और अपने करीबियों को लाभ पहुंचाने के लिए निकाल ली। दोनों के बीच गहरी आर्थिक सांठगांठ का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि भारतीय स्टेट बैंक की अधारताल शाखा में दोनों के नाम पर ज्वाइंट अकाउंट और फिक्स डिपॉजिट भी मिले हैं। सरकारी ऑडिट और बैंक स्टेटमेंट के अनुसार, अलग-अलग तारीखों में सरकारी खजाने से कुल 4,32,700 का अवैध वित्तीय लेनदेन पाया गया।

शक के आधार पर नहीं कर सकते सजा से दंडित

जबलपुर। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस ए के सिंह की युगलपीठ ने दायर अपील की सुनवाई करते हुए पाया कि ट्रायल कोर्ट द्वारा शक के आधार पर आवेदक महिला को पति की हत्या का दोषी ठहराते हुए सजा से दंडित किया है। युगलपीठ ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को निरस्त करते हुए महिला को दोषमुक्त कर दिया। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि सिर्फ शक के आधार पर किसी को सजा से दंडित नही किया जा सकता है। भोपाल के चक्की चौराहा, तुलसी नगर निवासी सुषील उर्फ सुधा गवाहड़े की तरफ से दायर अपील में कहा गया था कि उसके पति दिनेष को 20 दिसम्बर 2018 को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उसके पति की षरीर में 33 चोट के निषान थे और मौत का कारण गला घोटना था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच के बाद उसके खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान पेष किया था। प्रकरण की सुनवाई के दौरान अभियोजन के गवाह होस्टाइल हो गये थे। इसके बावजूद भी न्यायालय ने उसे शक के आधार पर आजीवन कारावास की सजा से दंडित कर दिया। युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि आवेदिका पर आरोप है कि उसने अपने पति पर हथौड़े से हमला करने के बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। अभियोजन के गवाह ने अपने बयान में बताया कि दिनेश शराब पीकर मोहल्ले में झगड़ा व मारपीट करता था। लोग भी उसके साथ मारपीट करते थे। घटना के दिन भी दिनेश शराब पीकर घर आया था। उसका किसी से झगडा हुआ था और शरीर में चोट के निशान थे। घर आने के बाद उसने पत्नी से झगडा करने के बाद चला गया था।

देह व्यापार : सप्लायर को नरसिंहपुर से गिरफ्तार कर लाई पुलिस

जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत सुहागी सरस्वती कॉलोनी पन्नी मोहल्ला में सेक्स रैकेट का भंड़ाफोड़ होने के बाद पुलिस ने मामले में अब सप्लायर को दबोच लिया है। आरोपी को पुलिस टीम नरसिंहपुर करेली से गिरफ्तार कर जबलपुर लेकर आ गई है जिसे न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद चार दिन की रिमांड पर लिया गया है।

विदित हो कि सुहागी सरस्वती कॉलोनी पन्नी मोहल्ला में निमेष विनोदिया के मकान में बीते चार साल से देह व्यापार संचालित हो रहा था। पुलिस टीम ने 10 जुलाई को घेराबंदी कर दबिश दी थी। मौके से संचालिका मंजू निखर 41 वर्ष निवासी सुहागी सरस्वती कालोनी पन्नी मोहल्ला और उसके पति मुकेश निखर एवं पुत्र आरूष निखर को दबोचा गया था। ग्राहक अभय सिंह, सुबोध सिंह, संजय चौरसिया को भी पकड़ा गया था । मकान मालिक निमेष विनोदिया फरार हो गया था। हालांकि बाद में पुलिस ने मकान मालिक निमेष विनोदिया निवासी सिविल लाइन को भी 12 जुलाई गिरफ्तार कर लिया था। सभी आरोपी जेल भेजे गए। आरोपी मकान मालिक पीडब्ल्यूडी सीनियर इंजीनियर ऑफिस में बाबू के पद पर पदस्थ था जिसके संरक्षण में देह व्यापार का कारोबार चल रहा था बल्कि इस कारोबार में उसकी हिस्सेदारी भी थी। मामले में जांच का दायरा बढ़ा तो अधारताल थाने में पदस्थ आरक्षक सतीश झारिया की भूमिका संदेह के दायरे में आई। जिसे सस्पेंड किया जा चुका है ।

इन शहरों से पहुंच रही थी युवतियां

अब तक की जांच में यह बात भी सामने आई कि सेक्स रैकेट का यह धंधा मप्र नहीं बल्कि कई राज्यों में फैला हुआ था। यूपी-महाराष्ट्र से भी युवतियों, महिलाओं को बुलाया जाता था। सीएसपी आशीष जैन ने बताया कि पुलिस ने मामले में सप्लायर अमित जायसवाल निवासी करेली नरसिंहपुर को दबोचा है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद चार दिन की रिमांड पर लिया गया है। आरोपित भोपाल, इंदौर, हर्दा, दमोह, सागर समेत अन्य शहरों से युवतियों की सप्लाई करता था। आरोपित से पूछताछ जारी है जिसमें नए खुलासे होने की उम्मीद है।

विरोध | सरकार से संवेदनशील रुख अपनाने की मांग

सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के विरोध में युवाओं ने भरी हुंकार

नवभारत ,जबलपुर। दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनशन कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के विरोध में जबलपुर के भंवरताल गार्डन में हजारों युवाओं ने जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने

लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और शांतिपूर्ण आंदोलनों के सम्मान की मांग करते हुए सरकार के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया । प्रदर्शनकारियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों के समर्थन में नारे लगाए और कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक

का संवैधानिक अधिकार है। वक्ताओं ने कहा कि अनशन जैसे अहिंसक और लोकतांत्रिक आंदोलन के दौरान पुलिस की कार्रवाई उचित नहीं है। सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करते हुए संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने कहा की असहमति की आवाज को दबाने के बजाय लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत किया जाना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा की सोनम वांगचुक लंबे समय से पर्यावरण संरक्षण, हिमालयी क्षेत्रों की सुरक्षा, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा स्थानीय समुदायों के हितों से जुड़े मुद्दे उठा रहे हैं। ऐसे गंभीर विषयों पर सरकार को सकारात्मक पहल करते हुए सभी पक्षों से बातचीत करनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित युवाओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों, अहिंसक आंदोलनों और जनहित के मुद्दों के समर्थन में एकजुट रहने का संकल्प लिया। साथ ही मांग की कि शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे लोगों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए और उनकी बात को गंभीरता से सुना जाए।